प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणीए भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

दिनांक: 29.01.2025 समय: 07.10AM

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेलों का भारत की विकास यात्रा में अभिन्न स्थान है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ करेंगे बातचीत ।
- प्रदेश में जैविक खेती की ओर तेजी से बढ़ रही है किसानों की रूचि।
- इंग्लैंड ने तीसरे टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 26 रन से हराया।

समाचार विस्तार से:–

पीएम राष्ट्रीय खेल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल शाम उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया। देशभर के खिलाडियों ने एकजुटता दर्शाते हुए भव्य परेड में भाग लिया। इस अवसर पर ओलिम्पिक खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय खेल मशाल- तेजस्विनी सौंपी। इस मशाल ने 13 जिलों से गुजरते हुए 4 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की है।

इस अवसर पर भारत की विकास गाथा में खेलों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों का भारत की विकास यात्रा में अभिन्न स्थान है। भारत में ओलम्पिक खेलों के आयोजन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे बहुत कुछ बदल जाता है।

इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपना ऐतिहासिक सौंवा प्रक्षेपण किया। जी.एस.एल.वी. एफ-15 रॉकेट सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह छह बजकर 23 मिनट पर छोड़ा गया। इस मिशन में एन.वी.एस.-02 उपग्रह को भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में स्थापित किया जाएगा। मिशन की सफलता की जानकारी देते हुए इसरो ने ट्वीट किया कि मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है और भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

## मुख्यमंत्री जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। भारत की जापान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की पहल होगी। मुख्यमंत्री की पहली बैठक ईस्ट जापान रेलवे कंपनी और दक्षिण एशिया समिति के अध्यक्ष यूजी फुकासावा के साथ होगी। इसमें रेलवे और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री आज प्रवासी भारतीय समुदाय और मध्यप्रदेश के मित्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। पहले दिन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए डा यादव ने बताया कि टोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके से मिलकर मध्यप्रदेश और टोक्यो सरकार के बीच भविष्य के संबंधों पर गहन चर्चा की।

## सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद के बजट अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट अधिवेशन शुक्रवार से शुरू होगा। शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन संसद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी।

## जैविक खेती

प्रदेश में जैविक खेती की ओर किसानों की रूचि तेजी से बढ़ रही है। देश में जैविक खेती का सबसे बड़ा रकबा 15 लाखए 92 हजार हेक्टेयर मध्य प्रदेश में ही है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार की पारंपरिक कृषि विकास योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में तीन हजार से अधिक क्लस्टर भी बने हैं।

## महाकुंभ अमृत स्नान

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान चल रहा है। मौनी अमावस्या का धार्मिक दृष्टि से विशिष्ट महत्व है। इस दिवस पर अमृत स्नान अत्यंत पावन माना जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सात स्तरीय पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये हैं और मेला क्षेत्र को वाहन रहित और वीआईपी रहित क्षेत्र घोषित किया है। राज्य और केन्द्रीय पुलिस बलए यातायात पुलिस और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम श्रद्धालुओं की मदद के लिए चौबीसों घंटे तैनात है। वहींए हिंदुस्तान समाचार ने खबर दी है कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिये भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि संगम तट पर भगदड़ मच गई। हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की भी खबर है। मेला प्रशासन ने अभी मरने वालों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। घायलों का इलाज महाकुम्भ नगर के केंद्रीय अस्पताल में जारी है। उधरए अखाड़ा परिषद के महामंत्री और जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि ने अपील की है कि लोग जहां भी हैंए वहीं गंगा में स्नान करके अपने घर लौट जाएं।

क्रिकेट . भारत इंग्लैंड

इंग्लैंड ने तीसरे टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 26 रन से हरा दिया। कल शाम गुजरात में राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में इंग्लैंड ने नौ विकेट पर 171 रन बनाए। भारत की टीम निर्धारित बीस ओवर में नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी। इस हार के बावजूद भारत पांच मैचों की श्रृंखला में दो-एक से आगे है। चौथा मैच शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे में खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में

- विधानसभा सचिवालय की लेखा शाखा का रिनोवेशन कार्य पूर्ण होने पर कल प्रमुख सचिव ए पी सिंह ने नवीनीकृत लेखा शाखा का उद्घाटन किया।
- इंदौर में भारतीय डाक विभाग के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी में देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष डाक प्रदर्शनी लगायी गई है।
- राजगढ़ में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं का पंजीयन कार्य 31 मार्च तक किया जाएगा। जिले में 83 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए है। जिन पर किसान पंजीयन कर सकते हैं।
- रतलाम में आज संस्कृति विभाग द्वारा पुण्य श्लोका अहिल्यादेवी होलकर के जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर राष्ट्र समर्थ देवी अहिल्या की पुण्य गाथा नाट्य मंचन किया जाएगा।
- झाबुआ आईटीआई परिसर में 5 फरवरी को युवा संगम जिला स्तरीय रोजगारए स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है।
- पन्ना कलेक्ट्रेट मे ई-दक्ष केंद्र में 30 जनवरी से 20 फरवरी तक साइबर सिक्योरिटी सहित बेसिक कम्प्यूटरए हिन्दी टाइपिंगए यूनीकोडए इंटरनेट एवं ईमेल विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।
- खण्डवा में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को मद्य निषेध संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेलों का भारत की विकास यात्रा में अभिन्न स्थान है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन आज विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ करेंगे बातचीत ।
- प्रदेश में जैविक खेती की ओर तेजी से बढ़ रही है किसानों की रूचि।
- इंग्लैंड ने तीसरे टी-ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 26 रन से हराया।